।। आदेश।।

मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन (कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग) के पत्र संख्या 01/स0का0क्रिया/2009 दिनांक 15 जनवरी 2008 के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में सम्मिलित कार्यक्रम **"सरकार जनता के द्वार"** के अन्तर्गत ग्रामीण जनता की समस्याओं का निराकरण ग्राम स्तर पर ही करने हेतु जनपदीय अधिकारियों का ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण/रात्रि विश्राम सुनिश्चित करने हेतु रोस्टर तैयार कर, समस्त विभागों के विकासपरक कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने, जनसुनवाई एवं समस्त निस्तारण की व्यवस्था करने के साथ ही संबंधित रिपोर्ट प्रारूपों में प्रेषित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में **माह सितम्बर, 2026** का जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों का निम्नानुसार भ्रमण रोस्टर तैयार कर, उनके नाम के सम्मुख कॉलम में ग्राम पंचायत आवंटित की जाती है :–

क्र सं	अधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाइल नम्बर	ग्राम पंचायत	विकास खण्ड का नाम
1	श्री विशाल मिश्रा जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग।	बैंजी काण्डई	अगस्त्यमुनि
2	श्री राजेन्द्र सिंह रावत मुख्य विकास अधिकारी रूद्रप्रयाग।	हुड्डू	ऊखीमठ
3	श्री विनीत कुमार, उप वन संरक्षक, वन प्रभाग रूद्रप्रयाग।	कोठगी	अगस्त्यमुनि
4	श्री श्याम सिंह राणा, अपर जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।	बाड़वमल्ला	अगस्त्यमुनि
5	डॉ0 पारूल गोयल, मुख्य चिकित्साधिकारी रूद्रप्रयाग।	गौरीकुण्ड	ऊखीमठ
6	डॉ0 आशीष रावत, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी रूद्रप्रयाग।	जखवाड़ी तल्ली	जखोली
7	सुश्री मनविन्दर कौर, जिला विकास अधिकारी रूद्रप्रयाग।	सेमभरदार	जखोली
8	श्री भगत सिंह फोनिया, उप जिलाधिकारी, जखोली।	धारकुड़ी	जखोली
9	श्री सोहन सैनी, उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।	सौंदा	जखोली
10	श्री अनिल रावत, उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ।	जामू	ऊखीमठ
11	श्री अजय कुमार चौधरी, मुख्य शिक्षा अधिकारी रूद्रप्रयाग।	डोभा	जखोली
12	श्री लोकेन्द्र सिह बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी, रूद्रप्रयाग।	महडमला	अगस्त्यमुनि
13	श्री महेश प्रकाश, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, रूद्रप्रयाग।	स्यांसू	ऊखीमठ
14	डा0 अखिलेश मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी रूद्रप्रयाग।	च्वीथ	अगस्त्यमुनि
15	श्री राजेश प्रसाद जसोला, जिला उद्यान अधिकारी रूद्रप्रयाग।	चौंरा	जखोली
16	डॉ दीपा तिलारा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी रूद्रप्रयाग।	ब्यूंखी	ऊखीमठ
17	डॉ0 आर0एस0पाल, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रूद्रप्रयाग।	सिल्लाबामणगांव	अगस्त्यमुनि
18	श्री संदीप भट्ट, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रूद्रप्रयाग।	रौंठिया	जखोली
19	श्री सुरेन्द्रदत्त डंगवाल, जिला कमाण्डेंट होमगार्ड रूद्रप्रयाग।	बड़ासू	ऊखीमठ
20	श्री मनोज दास, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग।	जोन्दला	अगस्त्यमुनि
21	श्री पवन कुमार, अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 जखोली।	डंगवालगांव	जखोली

22	श्री योगेश कोटियाल, अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, रूद्रप्रयाग।	गडमिल	अगस्त्यमुनि
23	श्री आर.पी.नैथानी, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ।	पाली	ऊखीमठ
24	श्री रमाकान्त गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम रूद्रप्रयाग।	कुरछोला	जखोली
25	श्री ओकांर पाण्डे, अधिशासी अभियन्ता, एन0एच0, रूद्रप्रयाग।	बिजराकोट	अगस्त्यमुनि
26	डॉ0 मीनल गुलाटी, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग।	जाल तल्ला	ऊखीमठ
27	श्री संदीप चतुर्वेदी, अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान रूद्रप्रयाग।	डुंगरी	जखोली
28	श्री मनोज कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, तिलवाड़ा रूद्रप्रयाग।	अखोड़ी	अगस्त्यमुनि
29	श्री ओमजी गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड रूद्रप्रयाग।	जसोली	अगस्त्यमुनि
30	श्री मोहन लाल आर्य, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई रूद्रप्रयाग।	चन्दी	जखोली
31	श्री के0एस0कोहली, जिला पूर्ति अधिकारी रूद्रप्रयाग।	चमस्वाड़ा	अगस्त्यमुनि
32	श्री के.एल. टम्टा, जिला सूचना अधिकारी रूद्रप्रयाग।	शेरसी	ऊखीमठ
33	श्री वीरेन्द्र सिंह गुसाँई, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रूद्रप्रयाग।	दिउली	अगस्त्यमुनि
34	श्री सौरभ कुमार, सहायक निबन्धक, सहकारिता रूद्रप्रयाग।	जग्गी बगवान	ऊखीमठ
35	श्री सुशील चमोली, जिला सेवायोजन अधिकारी रूद्रप्रयाग।	भणगा	जखोली
36	श्री भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, सहायक निदेशक डेयरी विकास रूद्रप्रयाग।	नगरासू	अगस्त्यमुनि
37	श्री राहुल चौबे, जिला पर्यटन विकास अधिकारी रूद्रप्रयाग।	खलियाण	जखोली
38	श्री संदीप कुमार सैनी, परियोजना अधिकारी उरेड़ा, रूद्रप्रयाग।	चिलौण्ड	ऊखीमठ
39	श्री वरद जोशी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, रूद्रप्रयाग।	मुसाद्धंग	जखोली
40	श्री टी0आर0 मलेठा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रूद्रप्रयाग।	रूमसी	अगस्त्यमुनि
41	श्री मनोज चौहान, जिला क्रीडा अधिकारी रूद्रप्रयाग।	सौंराखाल	जखोली
42	श्री निशांत कम्बोज, तहसीलदार ऊखीमठ।	गिरिया	ऊखीमठ
43	श्री जगदीश नेगी, तहसीलदार रूद्रप्रयाग।	पुनाड़	अगस्त्यमुनि
44	श्री प्रणव एस0 पाण्डेय, तहसीलदार बसुकेदार।	रायड़ी	जखोली
45	श्री कमलेश सिंह किरोला तहसीलदार जखोली।	लिस्वाल्टा	जखोली

संगत शासनादेश में निर्गत दिशा–निर्देश के क्रम में गांव भ्रमण के दौरान अधिकारियों के लिए निम्न दिशा निर्देश निर्गत किये जाते हैं :–

- प्रत्येक अधिकारी अपने गांव की समस्याओं के निस्तारण हेतु सभी अन्य संबंधित विभागों से समन्वय करेंगे तथा निस्तारण हेतु स्वयं उत्तरदायी होगें।
- भ्रमण के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, राजस्व उपनिरीक्षक, अध्यापक, प्रधानाचार्य तथा अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी एक टीम में होंगे, जो लगातार गांव की गतिविधियों/समस्याओं की मॉनिटरिंग करेंगे।
- इस प्रयोग से जहाँ प्रशासन और आम जनमानस के बीच समन्वय आएगा साथ ही विभिन्न विभागों को भी एक दूसरे के कार्यों की जानकारी मिलेगी।

- भ्रमण के पश्चात् एक संक्षिप्त बैठक सभी अधिकारियों के साथ आयोजित की जाएगी।(मासिक रूप से)
- उपरोक्त समस्त अधिकारियों द्वारा भ्रमण के दौरान का फोटोग्राफ निरीक्षण आख्या के साथ संलग्न करेंगे।
- सभी अधिकारीगण आबंटित राजस्व ग्राम में स्वयं जाकर बैठक का आयोजन करते हुए क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का निदान करेंगे तथा शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी संबंधित ग्रामवासियों को देंगे।
- क्या ग्राम के सभी पात्र व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं यथा वृद्धावस्था/विकलांग/विधवापेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ मिल गया है। यदि कोई व्यक्ति इस लाभ से वंचित रह गया है तो उसका क्या कारण है? की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों को निरीक्षण टिप्पणी के माध्यम से सूचित करेंगे।
- अधिकारी अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि क्या ग्राम/ग्रामसभा में उपलब्ध सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में खाद्यान्न की आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है। क्या ग्राम में पेयजल की सुविधा उपलब्ध है? तथा सभी पात्र व्यक्तियों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक/फार्मिसिस्ट तैनात हैं अथवा नहीं, चिकित्सालय में दवा की उपलब्धता, क्या चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी नियमित रूप से चिकित्सालय आ रहे हैं। ग्राम के लिये तैनात ए0एन0एम0 नियमित रूप से ग्राम के भ्रमण पर आ रही है अथवा नहीं?
- क्या अध्यापक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हो रहे हैं, यदि नहीं तो कब से? क्या छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती पर्याप्त है? विद्यालयों में मध्याह्न भोजन नियमित रूप से छात्रों को उपलब्ध कराया जा रहा है? क्या बाल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पुष्टाहार का वितरण समुचित रूप से किया जा रहा है अथवा नहीं?
- क्या ग्राम को मोटर मार्ग से जोड़े जाने का प्रस्ताव है यदि हां तो किस स्तर पर लम्बित है।
- ग्राम में उपलब्ध सिंचाई गूलों की स्थिति?
- प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत् का संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण न किये जाने पर श्री विनोद कुमार, वरिष्ठ सहायक/प्रभारी 1905 शिकायत समाधान, जिलाधिकारी कार्यालय रूद्रप्रयाग को सूचित करेंगे।
- **उपर्युक्त नामित अधिकारी अपने जनता दरवार/शिविर में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को उपस्थित रहने हेतु सूचित करवाना सुनिश्चित करेंगे।**
- **सभी संबंधित भ्रमण अधिकारी गांव भ्रमण के उपरांत प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण के संबंध कार्यवृत्त जारी करेंगे।**

नोट– जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त बैठक में कभी भी प्रतिभाग किया जा सकता है।

अतः सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि आपको आवंटित राजस्व ग्रामों का **माह सितम्बर 2026 की 30 वीं तिथि** तक अनिवार्य रूप से स्वयं भ्रमण/निरीक्षण कर निरीक्षण में प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण हेतु अपने स्तर से ही संबंधित विभागों को कार्यवृत्त लिखकर, अवगत कराते हुए सूचना **गूगल स्प्रेडशीट पर अपडेट कर निर्धारित प्रारूप–01 एवं प्रारूप–02** पर तैयार कर **cdorpg1@gmail.com** पर ई–मेल अथवा डाक के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय रूद्रप्रयाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सूचना ससमय शासन को प्रेषित की जा सके।

संलग्न–प्रारूप–1 एवं प्रारूप–02

ह0/
(विशाल मिश्रा)
जिलाधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

4 sjd

।। कार्यालय : जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।।

पत्रांकः– 1128 /जे0ए0/सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम/2026–27 दिनांक 14 सितम्बर, 2026

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सादर सूचनार्थ एवं परिपालनार्थ।

1. मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर सचिव महोदय, कार्यक्रम क्रियान्वयन, उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आयुक्त महोदय, गढ़वाल मण्डल पौड़ी की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी रूद्रप्रयाग।
5. उपरोक्त सर्व संबंधित अधिकारीगण।
6. समस्त उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी, जनपद रूद्रप्रयाग को इस निर्देश के साथ कि उक्त भ्रमण कार्यक्रमों में बैठने हेतु अधिकारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे तथा अपने **क्षेत्रीय कार्मिकों के माध्यम से उक्त भ्रमण कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार एवं क्षेत्रीय आम जनमानस, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को उपस्थित रहने हेतु सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।**
7. जिला सूचना अधिकारी रूद्रप्रयाग को इस निर्देश के साथ कि उक्त भ्रमण कार्यक्रमों का निःशुल्क प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।

(विशाल मिश्रा)
जिलाधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

प्रारूप–1

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम की सूचना का प्रेषण माह–

क्र0सं0	जनपद का नाम	अधिकारी का नाम/पदनाम	भ्रमण किये गये ग्राम का नाम एवं विकासखण्ड	मोटर मार्ग से ग्राम की दूरी	ग्राम निरीक्षित कुल योजनाओं की संख्या	योजनाओं की गुणवत्ता के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण के उपरान्त टिप्पणी	क्या ग्रामवासी योजना की गुणवत्ता से संतुष्ट है ? यदि नही तो उनकी मुख्य शिकायत क्या है ?	भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	भ्रमण के दौरान निस्तारित शिकायतों की संख्या	ऐसी शिकायत जिनको निराकरण हेतु जनपद को सन्दर्भित किया गया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1										

हस्ताक्षर

प्रारूप–2

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम की सूचना का प्रेषण माह–

क्र.सं.	जनपद का नाम	माह में भ्रमण किये गये कुल ग्रामों की संख्या	कुल प्राप्त शिकायतों की संख्या	जनपद स्तर पर निस्तारित शिकायत	निस्तारण हेतु मण्डल स्तर /शासन स्तर को सन्दर्भित की गई शिकायतों की संख्या	गत माह में सन्दर्भित शिकायतों में निस्तारित शिकायतों की संख्या	कुल लम्बित शिकायतों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	रूद्रप्रयाग						

हस्ताक्षर